महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009

OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS

No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/I/O/2081/Disp/Vol.II **दिनांक/Dated: 23.07.2015**

सेवा में,

1. प्रभारी अपर नियंत्रक, वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई, सिकंदराबाद ।
2. प्रभारी सहायक नियंत्रक, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (थलसेना) विशाखापट्टणम् ।
3. प्रभारी सहायक नियंत्रक, वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद ।
4. मुख्य कार्यालय के सभी ग्रूप अधिकारी ।
5. मुख्य कार्यालय के सभी व.ले.अ./ले.अ./स.ले.अ. तथा कर्मचारीगण ।
6. सिकंदराबाद/हैदराबाद/सूर्यलंका/मेदक स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : सेवारत कर्मचारियों अथवा उनके निकट संबंधियों द्वारा उनकी ओर से सेवासंबंधी कार्यों जैसे स्थानांतरण आदि के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत करने - के संबंध में ।

****

मुख्यालय कार्यालय ने सूचित किया है कि बार-बार अनुदेश देने के बावजूद, कर्मचारियों के निकट संबंधियों द्वारा विभाग/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन देने के मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है । इससे पहले भी कर्मचारियों को कई बार निदेश दिए गए हैं कि मंत्रियों/संसद सदस्यों आदि जैसे उच्च अधिकारियों / गणमान्य व्यक्तियों को स्थानांतरण आदि जैसे सेवा संबंधी मामलों में अपनी ओर से अभ्यावेदन दिलवाकर इन मामलों में परिवारजनों के दखल को रोका जाए। इस तरह का व्यवहार उपरोक्त विषय पर जारी परिपत्रों में दिए गए अनुदेशों की भावना के विरुद्ध है।

2. इस संबंध में रक्षा लेखा महानियंत्रक, दिल्ली द्वारा जारी दिनांक 09 जुलाई, 2015 के पत्रांक 0600/AN-X/Vol.XXI की अंतर्वस्तु को सूचना, मार्गदर्शन और सख्त अनुपालन के लिए पुन: प्रस्तुत किया जाता है ।

3. इस संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पुन: निदेश दिया जाता है कि स्थानांतरण जैसे सेवा संबंधी मामलों में बाहरी प्रभाव लाने का प्रयास न करें और उनकी वास्तविक शिकायतों के लिए वे विभाग के शिकायत निवारण तंत्र का प्रयोग करें । उपरोक्त अनुदेशों का उल्लंघन करने पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 25.05.85 के का.ज्ञा. सं. 1-11013/7/85-Estt (A) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

4. इस पत्र को सभी को परिचालित किया जाए और इसकी अंतर्वस्तु को सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा नोट करवाकर उनके हस्ताक्षर प्राप्त किए जाएं तथा अपने अभिलेख में सुरक्षित रखें जाए।

कृपया पावती दें ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-

(बी. बाल जवाहर)

रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)

संलग्न : 1

प्रतिलिपि :

ई.डी.पी. केंद्र, स्थानीय : वेबसाइट में अपलोड करने के लिए ।